0646CH03

तीसरा पाठ


# घर



## शिक्षण बिंदु

ऊ ू ग घ प य ह

ऊन — ऊ न



गाय — गा य



© NCERT not to be republished

तराजू — त रा जू



घर — घ र



पान पा न



हल ह ल



## 2. पहचानो और बोलो

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ऊन | गमला | तराजू | पान | हल | घर | किताब |
| ग | पा | ह | जू | घ | | |

© NCERT not to be republished

## 3. सुनो और पढ़ो

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| ऊन | घड़ा | गगन | गायक | पहला |
| जून | घड़ी | गमला | नायक | दूसरा |
| जूता | ताऊ | तबला | पालक | तीसरा |
| गीता | ताई | महीना | पालकी | तसवीर |

### शिक्षण संकेत

- श्यामपट पर **घर** लिखें और उसका चित्र दिखाते हुए विद्यार्थियों से बार-बार बुलवाएँ।
- इसी तरह **ऊन, घर, तराजू, पान, हल** के चित्र दिखाएँ। वर्णों की अलग-अलग पहचान करवाते हुए बार-बार बुलवाएँ।

**4. नीचे दिए गए वर्णों को लिखने का अभ्यास करो**

| | |
|---|---|
| ऊ | ऊ |
| ग | ग |
| घ | घ |
| प | प |
| य | य |
| ह | ह |

© NCERT not to be republished

## शिक्षण संकेत

- पहचानो और बोलो के अंतर्गत आए वर्णों को बार-बार बुलवाकर उनकी पहचान करवाएँ। इसके लिए वर्णों के फ़्लैश कार्ड का प्रयोग कर सकते हैं।
- अध्यापक खेल विधि का भी प्रयोग कर सकते हैं। सभी विद्यार्थियों के पास एक-एक वर्ण का कार्ड होगा और वे क्रम में खड़े होकर शब्द बनाएँगे।
- सुनो और पढ़ो के अंतर्गत श्यामपट/फ़्लैश कार्ड पर लिखे शब्दों को दिखाएँ। विद्यार्थियों से अलग-अलग और फिर एक साथ बुलवाएँ। इसके बाद कुछ विद्यार्थियों से चुने हुए शब्दों का वाचन भी करवाएँ ।
- दिए गए वर्ण विद्यार्थियों को सही बनावट में लिखना सिखाएँ और विद्यार्थियों से अपनी नोटबुक में भी लिखने को कहें।

**5. रेखा खींचकर शब्द और चित्र का मिलान करो**







कबूतर

पपीता

तालाब

पालकी

महल

तराजू

मटका







© NCERT not to be republished

## योग्यता विस्तार

- शिक्षण बिंदु में दिए गए सभी वर्णों को श्यामपट पर लिखें और विद्यार्थियों से इनकी पहचान करवाएँ। मात्राओं से बननेवाले शब्दों का भी अभ्यास करवाएँ।
- विद्यार्थियों से **ग घ प ह य ऊ ू ँ** की सहायता से अन्य शब्द बनवाकर बुलवाएँ। इन नए शब्दों को विद्यार्थियों से श्यामपट पर लिखवाएँ।

# मौखिक पाठ

**शिक्षण बिंदु**

**क्या यह/वह किताब है?**

**हाँ/नहीं यह/वह किताब नहीं है।**

**1. अध्यापक वाक्य बोलेंगे और विद्यार्थियों से जी हाँ/ जी नहीं वाक्य के साथ जोड़कर अभ्यास करवाएँगे।**

**अध्यापक** *(किताब दिखाते हुए)* : क्या यह किताब है?

: जी हाँ, यह किताब है।

**अध्यापक** *(कॉपी दिखाते हुए)* : क्या यह किताब है?

: जी नहीं, यह किताब नहीं है।

© NCERT not to be republished

**2. अध्यापक बोलेंगे और विद्यार्थी दोहराएँगे**

| **अध्यापक** | **विद्यार्थी** |
|---|---|
| क्या यह कलम है? | क्या यह कलम है? |
| हाँ, यह कलम है। | हाँ, यह कलम है। |
| नहीं, यह कलम नहीं है। | नहीं, यह कलम नहीं है। |

*इसी तरह कक्षा की अन्य वस्तुओं की ओर संकेत करते हुए।*

**3. प्रश्नोत्तर अभ्यास**

*अध्यापक अलग-अलग वस्तुएँ/चित्र दिखाते हुए प्रश्न पूछें और विद्यार्थी उत्तर दें*

**अध्यापक** *(कॉपी दिखाते हुए)* : क्या यह कॉपी है?

**विद्यार्थी**: जी हाँ, यह कॉपी है।

**अध्यापक** *(हल का चित्र दिखाते हुए)*: क्या यह तराजू है?



**विद्यार्थी:** जी नहीं, यह तराज़ू नहीं है। यह हल है।

**अध्यापक** *(घड़ी दिखाते हुए)*: क्या वह घड़ी है?

**विद्यार्थी:** जी हाँ, वह घड़ी है।



**अध्यापक** *(दीवार दिखाते हुए)*: क्या यह दरवाज़ा है?

**विद्यार्थी:** जी नहीं, वह दरवाज़ा नहीं है। वह दीवार है।

**अध्यापक** *(दवात दिखाते हुए)*: क्या यह दवात है।


**विद्यार्थी:** जी हाँ यह दवात है।

*अध्यापक इसी तरह गमला, अलमारी, किताब आदि अलग-अलग वस्तुएँ दिखाते हुए जी हाँ..., जी नहीं... वाक्यों का अभ्यास कराएँ।*

© NCERT not to be republished

**4. घड़े में से अक्षर चुनकर सार्थक शब्द बनाओ और नीचे लिखो, जैसे-**

| *गाना* | *तालाब* |
|---|---|
| ............... | ............... |
| ............... | ............... |
| ............... | ............... |
| ............... | ............... |



## योग्यता विस्तार

- विद्यार्थियों के स्तर को ध्यान में रखते हुए उसके आसपास के नए-नए शब्दों और वस्तुओं को बातचीत का विषय बनाएँ।
- यदि नए शब्द प्रयोग में लाएँ तो उन्हें केवल मौखिक रूप में प्रस्तुत करें। उनके लिखित रूप विद्यार्थियों के सामने न लाएँ।
- मातृभाषा प्रभाव के कारण कुछ विद्यार्थियों के उच्चारण में गलती होने पर उसे न रोकें। विद्यार्थियों की सहज अभिव्यक्ति की प्रशंसा करें। धीरे-धीरे उच्चारण का मानक रूप बार-बार बोलकर सही उच्चारण सामने लाएँ।